RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 67 | WEDNESDAY DATE 01-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

### गुस्ताखी माफ

छोटी-छोटी ही सही, रहा छलांगें मार।
हो जायेगा शीघ्र ही, रुपया सौ के पार।
रुपया सौ के पार, फि क्र मत करिए भैया।
चंचल ही बस नहीं, चतुर भी बड़ा रुपैया।
कह साहिल कविराय, करा दो इसकी हल्दी।
पचानवे हो चुका, करेगा सौ भी जल्दी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## उत्तराखंड की कानून व्यवस्था हो चुकी है ध्वस्त : राहुल

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 31 मार्च।


कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यह अत्यंत चिंता की बात है कि शांति और सुरक्षा की पहचान रखने वाले उत्तराखंड की कानून व्यवस्था भाजपा शासन में ध्वस्त हो गई है और वहां सीमाओं की रक्षा करने वाले सैन्य अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से देहरादून में अपराध बढ़ रहे हैं उससे साबित हो गया है कि भाजपा शासन में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। उन्होंने लिखा 'देहरादून में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर वी के जोशी जी की दिनदहाड़े निर्मम हत्या साफ बताती है कि उत्तराखंड की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

सरहद पर देश की रक्षा में जीवन समर्पित करने वाले ही आज अपने शहर में ही असुरक्षित हैं, आम नागरिक और कई समुदाय डर कर जीने को मजबूर हैं।

## सेमीकंडक्टर में भारत की बड़ी छलांग ग्लोबल सप्लाई चेन में बढ़ी ताकत: मोदी

» अहमदाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।



गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर सेक्टर को लेकर भारत ने एक और बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां केन्स सेमीकॉन की आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट (ओएसएटी) सुविधा का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत अब वैश्विक बाजार में एक भरोसेमंद सेमीकंडक्टर सप्लायर के रूप में अपनी भूमिका को लगातार मजबूत कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने याद दिलाया कि साल 2021 में भारत ने 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' की शुरूआत की थी। यह मिशन सिर्फ एक इंडस्ट्रियल पॉलिसी नहीं है, बल्कि यह भारत के आत्मविश्वास की घोषणा है। इस मिशन के तहत देश के छह राज्यों में 1.60 लाख करोड़ रुपए के 10 बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है।

पीएम मोदी ने हालिया उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि 28 फरवरी को माइक्रॉन के प्लांट में प्रोडक्शन शुरू हुआ था और अब 31 मार्च को केयन्स टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर प्लांट का उत्पादन भी शुरू हो गया है। यह महज संयोग नहीं है, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि भारत का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम कितनी तेजी से विकसित हो रहा है।

उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि एक भारतीय कंपनी ने सेमीकंडक्टर चिप निर्माण में रुचि दिखाई और आज उसके नतीजे सामने हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'भारत की अपनी कंपनी केयन्स टेक्नोलॉजी अब ग्लोबल सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का एक मजबूत हिस्सा बन चुकी है। यह एक शानदार शुरूआत है और देश के लिए गर्व का पल है।'

प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में भारत की कई कंपनियां ग्लोबल सहयोग के जरिए दुनिया को एक मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन देने में अहम भूमिका निभाएंगी। आज का दिन 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के विजन को सही मायनों में साकार करता है।

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि 21वीं सदी सिर्फ आर्थिक प्रतिस्पर्धा का समय नहीं है, बल्कि यह भविष्य की टेक्नोलॉजी को दिशा देने का दौर है। भारत अब सिर्फ बदलाव का साक्षी नहीं है, बल्कि बदलाव का नेतृत्व करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस दशक में भारत जो टेक्नोलॉजी पहल कर रहा है, वे आने वाले दशकों में देश की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को और मजबूत करेंगी।

## राजनीतिक साजिश के तहत पिंक कार्ड को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम, दिल्ली की बहनें ध्यान न दें: सीएम रेखा गुप्ता

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मार्च।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिलाओं को लिए जारी पिंक कार्ड को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। इसके साथ ही इसे एक राजनीतिक साजिश बताया है।

रेखा गुप्ता ने जारी वीडियो संदेश में कहा, 'दिल्ली की मेरी प्यारी बहनों, कुछ राजनेता राजनीतिक दुष्प्रचार के जरिए यह झूठा दावा फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि दिल्ली की महिलाओं के लिए बना पिंक कार्ड तब काम नहीं करता, जब आप एक बस में सफर करें, उसे एक बार टैप करें, उतरें और दूसरी बस में चढ़ें। यह पूरी तरह गलत और झूठा है। मैं आपको विश्वास दिलाती हूं, आपका पिंक कार्ड बिल्कुल सही काम करता है।'

रेखा गुप्ता ने कहा, 'ये अफवाह इसलिए फैलाई जा रही है क्योंकि डीटीसी की बसों में रोजाना 45 लाख लोग यात्रा करते हैं। इसमें से 20 लाख दिल्ली की बहनें यात्रा करती हैं। इसका भुगतान दिल्ली सरकार करती थी। पहले इस भुगतान का कोई हिसाब नहीं रखा जाता था। बेहिसाब बिल बनाकर लूट की जाती थी।'

रेखा गुप्ता ने कहा, पिंक कार्ड का



फायदा ये है कि आप जितना भी बार बस में जाएंगी-आएंगी, उसके खर्चे का सही हिसाब-किताब नोट हो जाएगा और उसके लिए जो सरकार को पैसा देना है, वह बिना किसी करप्शन के बिना किसी निजी लाभ के दिया जाएगा।

अब जो लोग चाहते हैं कि ये खर्चा बिना बात के किसी निजी व्यक्ति को लाभ मिलता रहे, वो नहीं हो रहा है, इसलिए लोगों को तकलीफ हो रही है। ये पिंक कार्ड अभी आसानी से बन रहे हैं। अगले तीन महीने तक बनते रहेंगे। किसी लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा दिन में कितनी बार भी किसी समय बस में यात्रा करने पर कोई पैसा नहीं लगेगा। दिल्ली की बहनों के साथ आपकी ये मुख्यमंत्री हमेशा रहेगी।



## संक्षिप्त खबरें




### श्रीनगर में 55.11 लाख रुपए का प्रॉपर्टी फ्रॉड, ईओडब्ल्यू ने दाखिल की आरोपी के खिलाफ चार्जशीट

**श्रीनगर, यूटर्न/ 31 मार्च।** श्रीनगर में 55.11 लाख रुपए के प्रॉपर्टी फ्रॉड का एक मामला सामने आया है। इकोनॉमिक ऑफिंस विंग (ईओडब्ल्यू), क्राइम ब्रांच जम्मू-कश्मीर ने आरोपी के खिलाफ श्रीनगर की सिटी जज की अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। आलमदार कॉलोनी रावलपोरा (वर्तमान पताः तेंगपोरा बटमालू) के रहने वाले अब्दुल अहद डार के बेटे मेराज-उद-दीन डार ने शिकायतकर्ता से 55.11 लाख रुपए की ठगी की। आरोपी ने एक रिहायशी मकान बेचने का झांसा देकर पैसे हासिल किए, लेकिन बाद में वह वादों को पूरा करने में विफल रहा। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी ने हासिल की गई प्रॉपर्टी को अपनी पत्नी के नाम ट्रांसफर या रजिस्टर कर लिया, ताकि कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

### टोल प्लाजा पर नकद भुगतान बंद, आज से लागू होगा नया नियम

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मार्च।** देशभर में टोल भुगतान व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए 1 अप्रैल से सभी टोल प्लाजा पर नकद भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। अब वाहन चालकों को टोल टैक्स चुकाने के लिए केवल फास्टैग या यूपीआई का ही उपयोग करना होगा। सरकार के इस फैसले का उद्देश्य टोल प्लाजा पर लंबी कतारों को कम करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना बताया जा रहा है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद बिना डिजिटल भुगतान के टोल प्लाजा पर पहुंचने वाले वाहन चालकों को जुर्माना भरना पड़ सकता है या उन्हें वापस भी लौटाया जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार, जिन वाहन चालकों ने अभी तक फास्टैग सक्रिय नहीं कराया है, उन्हें तुरंत इसे अपनी गाड़ी पर लगवाना चाहिए। वहीं, स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके फोन में यूपीआई भुगतान सुविधा चालू हो। इसके अलावा, 1 अप्रैल से टैक्स, रेलवे और बाजार से जुड़े करीब 10 नए नियम लागू होंगे, जिनका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा।

# मशीनों से बात करने वाले कर्मयोगी थे ओपी जिंदल : राजेश सिंगला

**स्टील मैन ओ पी जिन्दल को भावभीनी श्रद्धांजलि, समाज के लिए प्रेरणा बने रहेंगे बाऊ जी**

» **अश्विनी वालिया**



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 31 मार्च। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा, महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी), अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन तथा अग्रोहा धाम वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्टील मैन ओपी जिंदल की 21वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। श्रद्धांजलि समारोह के दौरान स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर समाज के लोगों ने उन्हें याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव एवं अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंगला ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ओपी जिंदल केवल एक उद्योगपति नहीं, बल्कि कर्मयोगी और समाज के सच्चे सेवक थे। उनका व्यक्तित्व धार्मिक, सामाजिक और दानी प्रवृत्ति का था। वे एक आदर्श पुत्र, आदर्श पति और आदर्श पिता थे। सिंगला ने कहा कि स्टील मैन ओपी जिंदल मशीनों से बात करते थे। वे सचमुच कमाल के इंसान थे, जिनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमेशा रहेगा। मैसी के प्रधान मुनीष मित्तल ने उन्हें याद करते हुए भावुक शब्दों में कहा कि बाऊ जी जैसे लोग सदियों में एक बार जन्म लेते हैं। वे तूफानों से टकराने वाले मजबूत व्यक्तित्व के मालिक थे, लेकिन दिल से बेहद सरल, निष्कपट और विनम्र इंसान थे। वास्तव में वे कुन्दन जैसे व्यक्तित्व के धनी थे। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान अशोक गर्ग ने भी साथियों सहित श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं अग्रोहा वैश्य समाज के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान अशोक गुप्ता ने कहा कि ओ पी जिंदल एक सफल उद्योगपति होने के साथ-साथ एक कुशल इंजीनियर और संघर्षशील व्यक्तित्व के प्रतीक थे। वे कार्यकर्ताओं का सम्मान करने वाले सच्चे जनसेवक थे और उनका जीवन आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर समाज सेवी सेवानिवृत्त प्राध्यापिका मंजू बाला सिंगला, संजीव गर्ग, विजय गर्ग, जंग बहादुर सिंगला, विनय गुप्ता, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के जिलाध्यक्ष प्रमोद बंसल, अजय गुप्ता, सचिन सिंगला, निशी गुप्ता, विपिन गर्ग, सुमित गर्ग, योगेश गर्ग सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नक्सलवाद का अंतिम चरण, मुख्यधारा से जुड़े आदिवासी क्षेत्रः तरुण चुघ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मार्च।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सलवाद वाले बयान को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चघु ने सही बताया है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि दशकों तक उसके शासन में आदिवासी क्षेत्र नक्सलवाद की आग में झुलसते रहे, भाजपा के राज्य में ही वहां नक्सलवाद खत्म हो रहा है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चघु ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारों के दौरान न केवल इन इलाकों को विकास से दूर रखा गया, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था भी कमजोर रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कार्यकाल में नक्सलवाद को पनपने का मौका मिला, जिससे आदिवासी क्षेत्रों में हिंसा और अस्थिरता बनी रही, जिससे उनको इसका फायदा मिलता रहा। अगर कांग्रेस चाहती तो इसे पहले खत्म कर सकती थी, लेकिन उसने नहीं किया था।

तरुण चुघ ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा और विकास दोनों मोर्चों पर प्रभावी काम किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को बढ़ाया, जिससे इन इलाकों को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ा जा सका। चुघ ने दावा किया कि आज नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है और यह सरकार की नीतियों की सफलता का प्रमाण है। उनके अनुसार, केंद्र सरकार की सख्त सुरक्षा रणनीति और विकासपरक दृष्टिकोण ने नक्सली गतिविधियों को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि उनकी राजनीति 'डर और भ्रम' फैलाने पर आधारित है।

# डिजिटल अरेस्ट से न घबराएं, तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं : एसपी श्री भूपेंद्र सिंह

» **निर्मल सिंह**



पानीपत,यूटर्न/ 31 मार्च। पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी की है। कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि आपके पास किसी अज्ञात नंबर से फोन कर आपके बेटा, बेटी का नाम लेकर कहा जाए कि वह कहां है और अगले ही पल कहा जाए नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई या पुलिस से बोल रहा हूं और वह हमारी हिरासत में है। ड्रग्स या अन्य किसी गतिविधि में शामिल होने की वजह से उसे पकड़ा गया है। इसके अलावा आपके नाम विदेश से पार्सल आया और उसमे आपत्तिजनक वस्तु होने की बात कही जाए तो तुरंत सतर्क हो जाएं। यह साइबर ठगों का काम हो सकता है। साइबर ठग आपको डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बना सकते हैं। यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला ठगी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में ठग किसी सरकारी एजेंसी का ऑफिसर या पुलिस ऑफिसर बनकर वीडियो कॉल करते है। वीडियो कॉल के बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लिया जाता है। जिसे देखने वाला हर कोई व्यक्ति डर कर उनकी बातों में आ जाता है। इसमें पीड़ित को फोन कर झूठे मामले में पहले डराया जाता है। कहा जाता है कि ऊपर मामला दर्ज किया जा रहा है, जिससे वह डर जाता है। इसमें वीडियो कॉल के द्वारा पीड़ित को घर में बंधक बना लिया जाता है। ठगों द्वारा व्यक्ति को 24 घंटे उनके संपर्क में रहने के लिए सर्विलांस पर फोन या वेबसाइट के जरिये नजर रखने की बात कही जाती है। अपराधी इस दौरान आपको वीडियो कॉल से हटने भी नहीं देता और न ही किसी को कॉल करने देते है। लंबी सजा और बड़े जुर्माने व समाज में अपमान होने के डर से पीड़ित ठगों द्वारा कही हर बात को फॉलो करता है। इस दौरान ठग केस को रफा-दफा करने के लिए पीड़ित से पैसे मांगता है और पीड़ित उसे रकम भी दे देता है। अगर कोई इस तरह की कॉल करता है तो उसके झांसे में न आए।

# प्रसार भारती से रिटायर्ड होने पर किया गया विदाई समारोह का आयोजन

» **पानीपत,यूटर्न/ 31 मार्च।**



प्रसार भारती दिल्ली से सुपरीडेंट के पद से रिटायर होने पर दिल्ली स्थित कार्यालय और ददलाना में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में डिप्टी डायरेक्टर जनरल प्रसार भारती विजय कुमार बलेजा और स्टाफ सदस्यों द्वारा राममेहर शर्मा को प्रतीक चिन्ह, पगड़ी, शाल और माला भेंटकर सम्मानित किया गया।

डिप्टी डायरेक्टर जनरल बलेजा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज शर्मा जी के विदाई समारोह से दिल खुश भी है और अंदर से दुखी भी है। खुशी इस बात कि है शर्मा सरकार द्वारा दी गई अपनी जिम्मेदारियों से हंसी-खुशी रिटायर्ड हो रहे हैं। और दुःख इस बात का है कि ये हमसे दूर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शर्मा जी अपने कार्य के प्रति समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ रहे हैं। उन्होंने अपने कार्य में कभी विलंब नहीं किया। ये आज अपने पद से रिटायर्ड जरुर हो रहे हैं परंतु हमारे दिल में हमेशा इनके लिए मान सम्मान बना रहेगा। हम उम्मीद करते हैं कि हमें आगे भी समय-समय पर इनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

गांव में पहुंचने पर कार्यकारी निदेशक एम.एल. डहरिया, कमांडेंट सीआईएसएफ दीपक मणि तिवारी एवं परिजनों द्वारा राममेहर शर्मा का पुष्पगुच्छ, शाल और मालाओं द्वारा स्वागत किया गया। डहरिया एवं दीपक मणि तिवारी ने कहा कि कोई व्यक्ति जब सरकारी नौकरी ज्वाइन करता है उसी दिन उसकी रिटायरमेंट का समय निश्चित हो जाता है। किसी भी कर्मचारी या अधिकारी द्वारा बेदाग छवि के सेवानिवृत्त होना बहुत बड़ी उपलब्धि होता है।

वहीं राममेहर शर्मा ने भरे मन से कहा कि रिटायरमेंट के बाद आपसे दूर होने का गम मुझे भी है परंतु जब भी आप लोग मुझे याद करेंगे मैं आपके बीच में आता रहूंगा। जितना मान सम्मान आप लोगों ने मुझे दिया मैं उसका उम्र भर आभारी रहूंगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक के.के. झां, महाप्रबंधक संजय कुमार, इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र सिंह, पी. एन. त्रिपाठी, डी.एस. राणा, अजय कुमार, मास्टर गोपीचंद शर्मा, सतनारायण शर्मा, मनीराम, सतबीर शर्मा, कश्मीरी लाल शर्मा, खुशीराम शर्मा, सेवाराम के अलावा समस्त स्टाफ सदस्य और सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# जग ज्योति दरबार में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव



### जग ज्योति दरबार में आज होगी मेहँदी की रस्म

**अश्विनी वालिया/ कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 31 मार्च।** जग ज्योति दरबार में संतों के सान्निध्य हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ 56 भोग प्रसाद एवं विशाल भंडारा हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को होगा। इससे पूर्व एक अप्रैल को हनुमान जी का श्रृंगार, मेहंदी रस्म एवं वस्त्र धारण होगा। इस मौके पर संगीतमय भजन और संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# अफवाहों पर सख्ती : मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्रवाई तेज, विपक्ष पर भड़कीं भतेरी देवी

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 31 मार्च। जिला सचिव भाजपा हांसी भतेरी देवी ने बताया कि मध्य एशिया में बने हालात को लेकर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कमी संबंधी अफवाहें पूरी तरह भ्रामक और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अफवाह फैलाने वालों और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, जिस पर प्रशासन तेजी से काम कर रहा है। भतेरी देवी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संकट के समय भी कुछ विपक्षी नेता जनता को गुमराह करने से बाज नहीं आ रहे। झूठी और भड़काऊ बातें फैलाकर वे केवल भय और भ्रम का माहौल बनाना चाहते हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनता अब जागरूक है और ऐसे राजनीतिक हथकंडों को अच्छी तरह समझती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रूप से चल रही है। सरकार द्वारा जिला और उपमंडल स्तर पर अधिकारियों को नोडल नियुक्त किया गया है, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

भतेरी देवी ने बताया कि पेट्रोल पंपों पर रोजाना पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति हो रही है। तेल कंपनियों द्वारा टर्मिनल संचालन बढ़ाया गया है और फील्ड अधिकारियों की तैनाती की गई है, जिससे स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बनी हुई है।

रसोई गैस को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिदिन बड़ी संख्या में सिलेंडरों की आपूर्ति और वितरण किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित मानकों के अनुसार गैस उपलब्ध कराई जा रही है और आवश्यक संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत सिलेंडरों की जब्ती, आरोपियों की पहचान और एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई लगातार जारी है। भतेरी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और अधिकारियों के साथ नियमित बैठक कर रहे हैं.

## प्रदेश की सब्जी मंडियों को सरकार ने दी टैक्स में राहत : सुमित माटा

» हरियाणा, यूटर्न/ 31 मार्च।



हरियाणा सब्जी मंडी एसोशिएशन के प्रदेश प्रवक्ता ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 16 मई 2026 को सब्जी मंडियों के आढ़तियों के लिए, जिन्होंने एक मुश्त फीस का विकल्प चुना हुआ था, उनके लिए 15% वार्षिक बढ़ोतरी की अधिसूचना मार्केट बोर्ड से जारी हुई जो कि सरासर गलत थी उस अधिसूचना से राहत पाने के लिए एसोसिएशन ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से निवेदन किया जिसका परिणाम अब 15% की बढ़ोतरी की बजाए अब 5% बढ़ोतरी ही होगी इसके संबंध में आज बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी हो गई और आढ़ती वर्ग को बहुत राहत मिली है इसके लिए पूरी हरियाणा सब्जी मंडी एसोसिएशन केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करती है

इस कार्य को पूरा करने के लिए एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने बीड़ा उठाया और अनेक बार इस कार्य के लिए चंडीगढ़ के चक्कर काटे, जिनमें प्रधान ब्रजमोहन, गंगाराम बजाज, राजेन्द्र ठकराल, आशीष परुथी, नितिन जांघू, अमरनाथ बिरला, दीपक महता, विकास बटला, राजकुमार मग्गू, रणबीर पहलवान, हर्ष आहूजा, ओम प्रकाश रहेजा, बलराज सैनी, मोहित गुम्बर, अनिल चावला इत्यादि साथियों ने भरपूर सहयोग किया।

इस उपलब्धि का श्रेय भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश ठकराल को भी जाता है जिनका सहयोग अगर नहीं होता तो शायद यह कार्य मुमकिन नहीं था।

## अखिल भारतीय सेवा संघ हरियाणा की कमान अब महेंद्र सेतिया के हाथ

**हरियाणा, यूटर्न/ 31 मार्च।** समाज सेवा के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार करते हुए अखिल भारतीय सेवा संघ हरियाणा की कमान अब अंतर्राष्ट्रीय अवार्डी महेंद्र सेतिया को सौंपी गई है। उन्हें प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिससे संगठन के कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है।



महेंद्र सेतिया एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिनका वर्षों का अनुभव और सेवा भाव उन्हें इस जिम्मेदारी तक लेकर आया है। वे शतकवीर रक्तदाता हैं और अब तक लगातार 119 बार रक्तदान कर मानवता की सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर चुके हैं। इसके साथ ही वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी गहरी प्रतिबद्धता रखते हैं और हजारों पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं।

सेतिया को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए लगभग 2500 से अधिक सम्मान और अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं। वे अखिल भारतीय सेवा संघ के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं और संस्था की शुरूआत से ही सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें प्रथम सेवा रत्न, डायमंड रत्न तथा राष्ट्रीय डायमंड गौरव रत्न जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। अपनी नियुक्ति पर महेंद्र सेतिया ने कहा कि वे इस दायित्व का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज सेवा के कार्यों का विस्तार करने तथा युवाओं को सेवा कार्यों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनका लक्ष्य अखिल भारतीय सेवा संघ को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है और समाज के हर वर्ग तक सेवा कार्यों को पहुंचाना है। सेतिया ने यह भी बताया कि आने वाले समय में रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण अभियान, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम और जरूरतमंदों की सहायता के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। संगठन के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी महेंद्र सेतिया की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संघ नई दिशा और गति प्राप्त करेगा। बधाई देने वालों में भीष्म पितामह राष्ट्रीय संरक्षक डाक्टर योगेश बिदानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर इन्द्र गोयल, संस्थापक एवं राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन, प्रांतीय संरक्षक राजेन्द्र सपरा, रामचंद्र गुप्ता, अनिल वोहरा, हिसार शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डाक्टर हेमंत आहुजा, महेन्द्र सैनी, मास्टर सुदर्शन खुराना, महेश कक्कड़, मास्टर केवल कृष्ण आर्य, प्रांतीय मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा सहित हिसार शाखा के सभी सदस्यों ने मौके पर बधाई दी।



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फटाफट खबरें



### फैक्टरी में चोरी करने घुसे दो युवक गिरफ्तार

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।** थानाक्षेत्र के लोनी रोड स्थित मोहननगर औद्योगिक क्षेत्र में संचालित फैक्टरी में चोरी करने घुसे दो युवकों को श्रमिकों ने पकड़ लिया। इसके बाद थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी लाजपत नगर निवासी सूरज कुमार और करहेड़ा का रहने वाला सुनील साहनी है। मामला 29 मार्च का है। पुलिस ने देर रात आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की। लिंकरोड के इंद्र नगर निवासी मनोज ठुकराल ने बताया कि उनकी मोहन नगर स्थित फैक्टरी में मरम्मत का काम चल रहा है। रविवार को दो युवक फैक्टरी में चोरी के इरादे से घुसे। श्रमिकों ने उन्हें देखा तब आरोपियों ने हाथापाई की लेकिन श्रमिकों ने उन्हें दबोच लिया। इसके बाद ले जाकर पुलिस को सौंप दिया। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पूछताछ के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया है।

### पालतू कुत्ते को टक्कर मारने पर बहन-भाई को पीटा, दो आरोपी गिरफ्तार

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 31 मार्च।** थानाक्षेत्र के मकनपुर निवासी ध्रुव शर्मा और उनकी बहन को तीन-चार लोगों ने लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। विवाद उस समय हुआ जब ध्रुव ने पालतू कुत्ते को बाइक से टक्कर मारने का विरोध किया। मामला 28 मार्च की रात का है। पुलिस ने 29 मार्च को ध्रुव के पिता राकेश शर्मा की तहरीर पर आरोपी महिला समीना, उनके बेटे अरमान समेत चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और अरमान व आसिफ को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित राकेश शर्मा ने बताया 28 मार्च की रात घर के पास ही उनका बेटा ध्रुव कुत्ता टहला रहा था। इस दौरान अरमान और उसका दोस्त आसिफ बाइक से आए। दोनों ने बाइक से कुत्ते को टक्कर मार दी। इसका बेटे ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विवाद के बाद आरोपी अपने घरों से लाठी-डंडे लेकर पहुंचे। उनके साथ परिवार के अन्य लोग आए और ध्रुव पर हमला कर दिया। शोर सुनकर उनकी बेटी भी भाई को बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी पीटा।

# भलस्वा लैंडफिल पहुंचे एलजी, कचरा निपटान तेज करने के निर्देश

## बोले-गीला-सूखा कचरा अलग न होना चिंताजनक

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मार्च।**

एलजी तरनजीत सिंह संधू सोमवार को भलस्वा लैंडफिल साइट पर कचरा निपटान देखने पहुंचे। उन्होंने नई तकनीक अपनाने और सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने के निर्देश दिए। एलजी ने साइट का दौरा कर वहां चल रहे बायो-रिमेडिएशन और कचरा निपटान के काम की समीक्षा की। उन्होंने पुराने कूड़े को तेजी से खत्म करने और बेहतर तकनीक अपनाने को कहा। एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने उन्हें बायोमाइनिंग और कचरा प्रबंधन के मौजूदा काम की जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक साल में पुराने कूड़े को कम करने में सुधार जरूर हुआ है, लेकिन स्थायी नतीजे पाने के लिए काम की रफ्तार और बढ़ानी होगी।

एलजी ने निर्देश दिए कि कचरा निपटान में दुनिया की बेहतर तकनीकों और तरीकों को अपनाया जाए और विशेषज्ञों की मदद ली जाए। सिर्फ पुराने कूड़े को हटाना ही काफी नहीं होगा, बल्कि रोज पैदा होने वाले नए कचरे का भी सही तरीके से प्रबंधन जरूरी है। इसके लिए संतुलित और लंबे समय की योजना बनानी होगी।



### सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश :

गर्मी के मौसम को देखते हुए उपराज्यपाल ने लैंडफिल साइट पर सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आग जैसी घटनाओं से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम जरूरी हैं और सभी साइट पर सुरक्षा प्रोटोकॉल सख्ती से लागू किए जाएं। वहां काम कर रहे श्रमिकों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रमिकों के लिए जरूरी स्वास्थ्य और सुरक्षा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

### आरडब्ल्यूए को जोड़े निगम :

उपराज्यपाल ने कहा कि कचरा प्रबंधन में जनता की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। इसके लिए आरडब्ल्यूए और बाजार संघों को गीले और सूखे कचरे को अलग करने के अभियान से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सही तरीके से कचरा अलग करना बायो-रिमेडिएशन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

### फेसबुक लाइव आकर युवक-युवती ने नगर पालिका अध्यक्ष व पति को दी धमकी

**» लोनी, यूटर्न/ 31 मार्च।**



नगरपालिका अध्यक्ष रंजीता धामा और उनके पति पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनोज धामा को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी एक युवक और महिला ने फेसबुक पर लाइव करते हुए दी। इसके बाद सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष ने मामले की शिकायत लोनी बॉर्डर थाने में करते हुए आरोपियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है। नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ मार्च को सनी नाम के युवक और उसकी महिला मित्र ने फेसबुक पर लाइव वीडियो बनाया। इसमें दोनों ने उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकी दी। जब यह वीडियो उनके पास तक पहुंचा तो इसकी जानकारी हुई। उन्होंने कहा कि आरोपी युवक आपराधिक प्रवृत्ति का है। वह पहले भी कई बार आपराधिक गतिविधियों में शामिल रह चुका है। आरोप है कि युवक और महिला ने अमर्यादित टिप्पणी भी की। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्द गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली के तारों में लगी आग, तुलसी निकेतन में 15 घंटे ठप रही आपूर्ति



**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।**

टीलामोड़ स्थित तुलसी निकेतन इलाके में रविवार देर रात हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चिंगारी से अचानक तारों में आग लग गई। आग को समय रहते आसपास के लोगों ने रेत से बुझा दिया। मगर इस दौरान करीब 15 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही और कॉलोनी के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी राजेश चड्ढा ने बताया कि रविवार रात खंभे से अचानक चिंगारियां उठने लगीं और देखते ही देखते तारों में आग फैल गई। आसपास के लोगों ने आग पर रेत फेंक कर काबू पाया। इस दौरान ऊर्जा निगम के अधिकारियों को सूचना दी गई थी लेकिन जब तक टीम पहुंचती तो लोगों के आग बुझा दी थी। मरम्मत करने में टीम को 15 घंटे लग गए। आग रात 11 बजे आग लगी थी लेकिन सोमवार दो बजे तक आपूर्ति सामान्य नहीं हुई। इंदिरापुरम के अभयखंड तीन और चार में सुबह 10 बजे ही ऊर्जा निगम की ओर से विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी गई। लोगों ने बिजली नहीं आने की सूचना ऊर्जा निगम को दी तो पता चला एक बजे से मरम्मत कार्य किया जाना है जिसके लिए बिजली काट दी।

# दुबई की कंपनी के मैनेजर की ब्लूमून सोसायटी में गिरकर मौत

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।**

राजनगर एक्सटेंशन स्थित ब्लूमून सोसायटी में सोमवार सुबह रघुकुल तिलक (40) की गिरकर मौत हो गई। वह दुबई की लॉजिस्टिक कंपनी आईजीक्यू में मैनेजर थे और उसके नोएडा स्थित कार्यालय में कार्यरत थे। पुलिस शुरूआती जांच के आधार पर इसे आत्महत्या मान रही है।

एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि घटना सुबह करीब 10 बजे की है। नंदग्राम थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का फॉरेंसिक टीम के साथ निरीक्षण किया। हालांकि, मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले रघुकुल ब्लूमून सोसायटी के सी-टॉवर में पिता तरुण कुमार सिंह और माता अनुपमा के साथ रहते थे। वह रोज की तरह सुबह करीब साढ़े नौ बजे घर से ऑफिस जाने के लिए निकले थे।



जांच में सामने आया है कि वह अपने टॉवर से उतरे और करीब 15 मिनट तक वहीं रुके रहे। इसके बाद वह ई-टॉवर में गए और कुछ देर बाद नीचे गिर गए।

सोसायटी निवासी अमृत के मुताबिक, तेज आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन अधिक ऊंचाई से गिरने के कारण रघुकुल की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

**सीसीटीवी में नहीं दिखा घटनाक्रमः** पुलिस के अनुसार, सोसायटी में सीसीटीवी कैमरों की संख्या कम है। इस कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि रघुकुल ई-टॉवर तक कैसे पहुंचे और किस मंजिल से गिरे।

पुलिस उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। उनका मोबाइल फोन जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा जा रहा है। साथ ही कॉल डिटेल रिकॉर्ड भी निकलवाया जा रहा है, ताकि घटना से पहले उनकी गतिविधियों की जानकारी मिल सके।




# तीन दिन बाद खुले अस्पताल में उमड़ी भीड़

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।**

जिला एमएमजी और संयुक्त अस्पताल में सोमवार को तीन दिन बाद ओपीडी खुलने पर मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। शुक्रवार और शनिवार को रामनवमी के अवकाश के कारण अस्पताल सीमित समय 11 बजे तक के लिए ही खुले थे। जबकि रविवार को सार्वजनिक अवकाश था।

सोमवार को सुबह से ही मरीजों का दबाव बढ़ गया। सुबह होते ही दवा काउंटर, रजिस्ट्रेशन काउंटर और ओपीडी के बाहर लंबी कतारें लग गईं। दो बजे तक 2287 नए मरीजों ने इलाज कराया, जिनमें 1060 महिलाएं, 811 पुरुष और 416 बच्चे शामिल रहे। जबकि लगभग 1100 पुराने मरीज इलाज के लिए पहुंचे।

### बार-बार बिजली ट्रिपिंग से हुई परेशानी

मरीजों और तीमारदारों की भीड़ के बीच सबसे बड़ी समस्या रजिस्ट्रेशन काउंटर पर बार-बार बिजली की ट्रिपिंग के कारण सामने आई। करीब एक घंटे तक पर्चा बनना प्रभावित रहा, जिससे मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ा। गर्मी के मौसम में लाइन में खड़े लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी और इलाज में भी देरी हुई। इसके अलावा डॉक्टर को दिखाने, दवा लेने और खून की जांच कराने के लिए भी मरीजों को अलग-अलग कतारों में 30 से 35 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पंकज शर्मा ने बताया कि सोमवार को 118 मरीजों को भर्ती किया गया, जबकि 139 मरीजों का इलाज इमरजेंसी में किया गया। पैथोलॉजी विभाग में भी भारी दबाव रहा और कुल 4924 जांचें की गईं। सुबह करीब 6:20 बजे राजनगर में हुए सड़क हादसे में घायल दो सगे भाइयों त्रिलोक और हर्षित को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। उपचार के दौरान छोटे भाई हर्षित की मौत हो गई, जबकि त्रिलोक का इलाज जारी है।

### दवाई काउंटर पर कई बार मरीजों में बहस

अस्पताल में बढ़ती भीड़ के बीच सुरक्षा और व्यवस्था भी सवालों के घेरे में रही। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम के 20 गार्ड और पुलिस प्रशासन के दो होमगार्ड तैनात किए गए थे, लेकिन दवा काउंटर पर स्थिति अनियंत्रित हो गई। इस दौरान दो पुरुष और दो महिलाएं आपस में भिड़ गए। करीब 15 मिनट तक विवाद चलता रहा, लेकिन कोई भी गार्ड मौके पर नहीं पहुंचा। इससे आसपास खड़े अन्य मरीजों को भी काफी परेशानी हुई।

स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल के सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने मामले को संज्ञान में लिया। उन्होंने गार्डों को तुरंत सक्रिय होकर भीड़ नियंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी न हो।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# भारत में 2026 में चार और 2027 में दो सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे : अश्विनी वैष्णव

» **सानंद, यूटर्न/ 31 मार्च।**



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि 2026 में भारत में चार सेमीकंडक्टर प्लांट के तैयार होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सानंद में केयन्स सेमीकॉन के ओएसएटी प्लांट का उद्घाटन करने के बाद, वैष्णव ने कहाः '2026 तक चार सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे और 2027 तक दो प्लांट का काम पूरा हो जाएगा। भारत की पहली फैब्रिकेशन यूनिट 2028 तक धोलेरा में तैयार हो जाएगी।'

उन्होंने बताया कि केयन्स सेमीकॉन की सानंद यूनिट देश का दूसरा सेमीकंडक्टर प्लांट है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ' माइक्रोन टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित देश के सबसे पहले सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन 28 फरवरी को हुआ था और आज, 31 मार्च को, दूसरे प्लांट का उद्घाटन किया गया है। तीसरे प्लांट का उद्घाटन जुलाई में किया जाएगा।'

वैष्णव ने कहा कि केयन्स सेमीकॉन की सानंद यूनिट ने मात्र 14 महीनों में नींव से लेकर औद्योगिक उत्पादन का सफर शुरू किया है।

उन्होंने आगे कहा कि यह विकास भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाता है और इसने देश भर के इंजीनियरों और छात्रों को प्रोत्साहित किया है।

वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'हमें गुणवत्ता और लागत के मामले में जीत हासिल करनी होगी; तभी हम विश्व स्तर पर अपनी स्थिति बनाए रख सकेंगे और मजबूत कर सकेंगे।

## भारत में 2025 में प्रति यूजर औसत मासिक डेटा उपभोग 31 जीबी से अधिक रहा



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मार्च।** भारत में डेटा का उपयोग लगातार बढ़ रहा है और 2025 में प्रति यूजर औसत मासिक डेटा उपभोग बढ़कर 31 जीबी के पार पहुंच गया है। बीते पांच वर्षों में इसमें 18 प्रतिशत के कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) से वृद्धि देखी गई है। यह जानकारी मंगलवार को जारी नई रिपोर्ट में दी गई। नोकिया द्वारा जारी मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स के लेटेस्ट एडिशन में बताया गया है कि कैसे 5जी की बढ़ती लोकप्रियता और डेटा-हेवी एप्लीकेशन के बढ़ते उपयोग से देश भर में डेट के इस्तेमाल में वृद्धि हो रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय पहले से कहीं अधिक डेटा का उपभोग कर रहे हैं, जिसका मुख्य कारण 4के वीडियो स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और एआई-आधारित एप्लीकेशन जैसी सर्विसेज हैं। भारत में कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक 2025 में 27 एक्सबाइट प्रति माह से अधिक हो गया। इसमें से अकेले 5जी का योगदान लगभग 47 प्रतिशत था, जिसका ट्रैफिक सालाना आधार पर 70 प्रतिशत बढ़कर 12.9 एक्सबाइट प्रति माह तक पहुंच गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि मेट्रो शहर 5जी को अपनाने में सबसे आगे हैं और अब कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक में 5जी की हिस्सेदारी बढ़कर 58 प्रतिशत हो गई है। साथ ही, इसका प्रसार छोटे शहरों में भी तेजी से हो रहा है.



## ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र का बड़ा कदम, 6 राज्यों को जारी किए 1,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मार्च।**

केंद्र सरकार ने ग्रामीण स्थानीय शासन को मजबूत करने के लिए 6 राज्यों को 15वें वित्त आयोग के तहत 1,500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी की है। केंद्र सरकार ने तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, मिजोरम और मेघालय में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को सशक्त बनाने और जरूरत के अनुसार स्थानीय विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए यह फंड जारी किया है।

तेलंगाना को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली किस्त के रूप में 247.94 करोड़ रुपए अनटाइड ग्रांट के रूप में जारी किए गए हैं। यह राशि राज्य की 12,600 ग्राम पंचायतों (जीपी) के लिए है।

इसी तरह उत्तराखंड को 91.31 करोड़ रुपए की दूसरी किस्त जारी की गई है, जिससे राज्य की सभी 13 जिला पंचायतों (डीपी), 95 ब्लॉक पंचायतों (बीपी) और 7,784 ग्राम पंचायतों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा 1.84 करोड़ रुपए की रोकी गई राशि भी 216 अतिरिक्त ग्राम पंचायतों के लिए जारी की गई है। वहीं, राजस्थान को 315.61 करोड़ की दूसरी किस्त जारी की गई है, जिससे राज्य की 33 जिला पंचायतों, 352 ब्लॉक पंचायतों और 3,857 ग्राम पंचायतों को लाभ मिलेगा। साथ ही 12.57 करोड़ रुपए की रोकी गई राशि भी 9 जिला पंचायतों और 13 ब्लॉक पंचायतों को दी गई है।

मेघालय को वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी किस्त के रूप में 27 करोड़ जारी किए गए हैं, जो राज्य की तीन स्वायत्त जिला परिषदों (खासी, गारो और जयंतिया) के लिए हैं। इसके अलावा, 22.20 करोड़ रुपए की टाइड ग्रांट भी 816 ग्राम परिषदों के लिए जारी की गई है।

महाराष्ट्र को भी विभिन्न मदों में बड़ी राशि जारी की गई है। केंद्र ने 109.06 करोड़ रुपए-109.06 करोड़ रुपए की राशि टाइड ग्रांट की पहली और दूसरी किस्त के रोके गए हिस्से के रूप में जारी की है, जिससे 12 जिला पंचायतों और 125 ब्लॉक पंचायतों को लाभ मिलेगा।




# मनमुटाव खत्म, मुस्कान के साथ आएगा अप्रैल फूल



### सेठ का ठेठ-संदेश, बदलेंगे अपना देश

नीलम साईकिल के केके सेठ ने एक अप्रैल को नया 'खेला' करने का ऐलान किया है। वह अपनी 'समाजसेवा की साइकिल' पूरी रफ्तार से दौड़ाएंगे। इस मुहिम के दौरान वह देश-समाज को बदलने का संदेश फैलाएंगे। जो नहीं मानेगा, उसको साइकिल पर पीछे बैठाकर पूरी रफ्तार से दौड़ाएंगे।



### कुछ तो बात है...

सत्यम ऑटो के सुरेश मुंजाल ने सिर्फ उद्योग जगत में ही खास मुकाम नहीं बनाया, वह अपनी जिंदादिली के लिए भी पहचाने जाते हैं। इस एक अप्रैल को वह अपने अंदर छिपे कलाकार को बाहर लाने के लिए नामी सदाबहार हीरो की तर्ज पर फिल्म बनाने का ऐलान करेंगे। जिसके दिल को जवां करने वाला एक गीत खुद लिखेंगे, जिसका टाइटल होगा, सुहाना सफर और ये मौसम हंसी।



### अप्रैल फूलः खबर कम, कन्फ्यूजन ज्यादा - संदीप शर्मा की चेतावनी

लुधियाना में अप्रैल फूल पर ऐसी-ऐसी खबरें उड़ रही हैं कि सच भी खुद कन्फ्यूज हो जाए! कारोबारियों ने भी इन्हें हंसी में लिया, लेकिन संदीप शर्मा का कहना है— आज के दिन हर खबर को 'डबल चेक' करो, नहीं तो आप भी बन सकते हैं फूल!



### चरणजीत सिंह व्यस्त, समाज के कील-कांटे करेंगे दुरुस्तः

विश्वकर्मा इंडिस्ट्री के चरणजीत सिंह इस एक अप्रैल को समाज के 'कील-कांटे' दुरुस्त करने के लिए सार्वजनिक संकल्प सभा करेंगे। जिसमें तमाम राजनेताओं, कथित-समाजसेवियों और आम लोगों को नैतिकता की घुट्टी पिलाएंगे। ताकि वे जनहित में कुछ भला कर सकें।



### अनिल सचदेवा, छीन लेंगे नेताओं का चैनः

कोहिनूर साइकिल के अनिल सचदेवा बावा खुद राजनीति में भी हाथ आजमा चुके हैं। अब एक अप्रैल को उन्होंने 'नेता सुधारो मुहिम' चलाने का ऐलान किया है। ताकि जनता दरबार में नेताओं को जवाबदेह बनाने का इंतजाम कर सके। बावा ने दावा किया कि वह इस मुहिम के जरिए नेताओं का चैन छीन लेंगे और जनता को चैन की नींद सुलाने का इंतजाम करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईआईटी दिल्ली से पास हुआ डिजाइन, साउथ साइट औद्योगिक क्षेत्र में 40 करोड़ से बनेगा नाला

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।** साउथ साइट जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में करीब 40 करोड़ से बनाए जाने वाले नाला निर्माण की डिजाइन दिल्ली आईआईटी से पास हो गया है। नाला के निर्माण की फाइल स्वीकृति के लिए यूपीएसआईडीसी ने शासन को भेज दी है। कांटिनेंटल कार्बन फैक्टरी के पास बनाने वाले नाले की लंबाई 980 मीटर है। करीब एक किलोमीटर लंबे इस नाले के बनने से साउथ साइट साइड औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाला गंदा पानी एबीईएस कट के पास गुजर रहे नाले में मिल जाएगा। एबीईएस कट के पास के नगर निगम की ओर से नाला निर्माण कराया जाना है। मौजूदा समय में यह नाला कच्चा है। यूपीएसआईडीसी के डीजीएम सलिल यादव ने बताया कि कई बार लोग इस खुले नाले में गिर चुके हैं। दुर्घटनाओं को ध्यान में रखकर नाले को पक्का बनाने के लिए एस्टिमेट तैयार कर शासन को भेजा गया है। नाला आरसीसी बनाया जाएगा। चौड़ाई 10 मीटर से ज्यादा रखी गई है।

### बेहटा हाजीपुर में चल रही प्रदूषण फैलाने वाली 14 फैक्टरियां सील

**लोनी, यूटर्न/ 31 मार्च।** प्रशासन की टीम ने सोमवार को लोनी के बेहटा हाजीपुर गांव स्थित अवैध रूप से चल रही प्रदूषण फैलाने वाली 14 और फैक्टरियों को सील कर दिया। इन फैक्टरियों से प्रदूषण फैलाने वाला धुआं निकल रहा था। टीम ने फैक्टरियों के बिजली कनेक्शन भी काट दिए। इस तरह अब तक 40 से ज्यादा अवैध फैक्टरियों पर कार्रवाई हो चुकी है। नायब तहसीलदार रति गुप्ता ने बताया कि लोनी में बढ़ रहे प्रदूषण के बाद प्रशासन की टीम ने जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध फैक्टरियों पर कार्रवाई करते हुए 14 और फैक्टरियों को सील कर दिया है। इन सभी के कनेक्शन भी काट दिए गए है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ऊर्जा निगम, लोनी नगर पालिका और पुलिस बल ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। सभी फैक्टरी लोनी बार्डर थानाक्षेत्र के बेहटा हाजीपुर गांव में अवैध रूप से चलाई जा रही थीं। इनमें आठ तार जलाने की फैक्टरी, तीन जींस रंगाई और तीन ढलाई की फैक्टरियों पर कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से चलाई जा रही तार छील कर जलाने वाली और ढलाई की फैक्टरियों से निकलने वाला धुआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा था। इसके चलते क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सांस लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अवैध रूप से संचालित की जा रही जींस रंगाई की फैक्टरियों से निकलने वाला दूषित पानी भूगर्भ जल को प्रदूषित कर रहा था।

## अरविंद केजरीवाल के बरी होने के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची ईडी, बुधवार को सुनवाई

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मार्च।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली हाईकोर्ट में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बरी होने वाले फैसले के खिलाफ अपील दायर की है। मामला दिल्ली आबकारी नीति के कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा जारी समन का पालन न करने से संबंधित है। ईडी ने फरवरी 2024 में केजरीवाल पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत जारी पांच समनों का पालन न करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की थी। केजरीवाल ने इन समनों पर ईडी के समक्ष पेश होने से इनकार कर दिया था। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने जनवरी 2026 में केजरीवाल को इन मामलों से बरी कर दिया था। अदालत ने कहा था कि ईडी समन का जानबूझकर उल्लंघन साबित करने में विफल रही। मजिस्ट्रेट ने फैसले में कहा कि समन पर न पेश होना अपने आप में



जानबूझकर अवज्ञा नहीं माना जा सकता। ईडी ने अब इस बरी होने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। न्यायमूर्ति स्वर्णा कांता शर्मा की एकलपीठ इस मामले पर बुधवार को सुनवाई करेगी।

## फॉरेंसिक रिपोर्ट मिलने पर होंगी जासूसी मामले में और कई गिरफ्तारी

**» कौशांबी, यूटर्न/ 31 मार्च।**

देश की जासूसी करने वाले आरोपियों से बरामद हुए मोबाइल फोन और सिमकार्ड की फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट अप्रैल माह के पहले सप्ताह से मिलनी शुरू हो जाएगी। पुलिस डाटा मिलने के बाद आरोपियों और उनके साथियों को गिरफ्तार करेगी। जांच में आए तथ्यों की बात कहें तो जासूसी मामले के बड़ी संख्या में आरोपियों की धर-पकड़ हो सकती है। वहीं, जासूसी मामले की विवेचना एनआईए को भी जल्द ट्रांसफर होने की बात कही जा रही है।



पुलिस ने 14 मार्च को देश की जासूसी करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ और छानबीन में सामने आया कि आरोपी देश के सैन्य व सुरक्षाबल ठिकानों, धार्मिक स्थलों व अन्य प्रमुख प्रतिष्ठानों की फोटो-वीडियो व जीपीएस लोकेशन पाकिस्तान भेज रहे थे। यह नेटवर्क पाकिस्तान में बैठा सरदार उर्फ सरफराज उर्फ जोरा सिंह चला रहा था।

व्हाट्सएप ग्रुप पर लोगों को जोड़ कर रुपयों का लालच देकर उनसे यह काम कराया जा रहा था। यहां तक कि आरोपियों ने दिल्ली कैंट और सोनीपत रेलवे स्टेशन पर सोलर बेस्ड सीसीटीवी कैमरे भी लगाए थे। पुलिस ने उन्हें भी बरामद कर जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा। सूत्रों के अनुसार पुलिस अभी तक केवल दो ही मोबाइल फोन की फॉरेंसिक रिपोर्ट मिली है। उनके आधार पर 21 लोगों की गिरफ्तारी हुई।

## डिलीवरी बॉय की हत्या करने वाले बदमाश मुठभेड़ में घायल, दोनों के पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती




**» दिल्ली, यूटर्न/ 31 मार्च।**

दिल्ली के डाबड़ी इलाके में ताबड़तोड़ चाकूबाजी कर डिलीवरी बॉय की हत्या और तीन अन्य को घायल करने वाले बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। इस दौरान दोनों तरफ से गोलियां चलीं। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी हैं। बदमाश की पहचान प्रेम शर्मा और रोहित के रूप में हुई है। घायल बदमाश को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। साथ ही बदमाश की सूचना मिलने पर द्वारका इलाके में अलग अलग जगहों पर टीम लगाकर घेराबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। दोनों जगहों पर बदमाश पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की।

मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली दोनों बदमाश के पैर में लगी, जिसके बाद वह घायल होकर गिर गए। पुलिस टीम ने मौके पर ही उन्हें पकड़ लिया और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार एक बदमाश पहले भी एक आपराधिक मामले में शामिल रहा है।

दरअसल द्वारका के मधु विहार इलाके में कहासुनी के बाद दो हमलावरों ने एक युवक पर हमला कर दिया। हमलावरों ने बीच बचाव करने आए तीन अन्य लोगों पर भी चाकू से हमला किया और भाग गए। घायल चारों को पास के अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने 30 साल के गोविंद झा को मृत घोषित कर दिया। वहीं परवेज हुसैन अनीस और रोहित का इलाज चल रहा है। तीनों बयान देने की हालत में नहीं हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि रविवार की रात डाबड़ी थाना पुलिस को मधु विहार राजापुरी में झगड़े में कुछ लोगों के चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, पीसीआर कर्मी चार घायलों को पास के अस्पताल लेकर जा चुके थे।

वहां पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने मोहन गार्डन निवासी गोविंद झा को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। छानबीन में पता चला कि गोविंद झा स्विगी कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करते थे और अपनी पत्नी और 11 साल के बेटे के साथ मोहन गार्डन में रहते थे। वहीं परवेज हुसैन, अनीस और रोहित राजापुरी इलाके में रहता हैं।

परवेज अमेजन के वेयर हाउस में काम करता है। अनीस नोएडा में दर्जी और रोहित पहले चिकन शॉप पर काम करते हैं। मौके पर पूछताछ में पता चला कि रोहित का अपने पड़ोस में रहने वाले दो लड़कों से बैग टकराने को लेकर विवाद हो गया।

मारपीट में आरोपियों ने रोहित पर चाकू से हमला कर दिया। यह देखकर परवेज और अनीस रोहित को बचाने का प्रयास करने लगे। हमलावरों ने उन दोनों पर भी चाकू से हमला कर दिया। इसी बीच वहां डिलीवरी के लिए गोविंद झा पहुंचे। चाकूबाजी होता देख वह बीच बचाव करने लगे। हमलावरों ने उनके सीने में चाकू गोद दिया।

### महिला के पेट से निकाली 10 किलो की गांठ

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।** एमएमजी अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने 55 वर्षीय महिला के पेट से करीब 10 किलो की गांठ निकालकर उसे नई जिंदगी दी है। यह जटिल सर्जरी करीब डेढ़ घंटे तक चली। अब मरीज की हालत स्थिर बताई जा रही है। उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि विजयनगर स्थित रोजी कॉलोनी निवासी दया पिछले कई महीनों से पेट दर्द से जूझ रही थीं। उन्होंने आसपास के निजी क्लीनिकों में इलाज कराया, लेकिन राहत नहीं मिली। परेशानी बढ़ने पर उन्होंने एमएमजी अस्पताल में संपर्क किया, जहां डॉ. महेंद्र की सलाह पर उन्हें शनिवार को भर्ती कर लिया गया। सोमवार सुबह डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी शुरू की। इस दौरान मरीज के पेट में करीब 10 किलो की बड़ी गांठ मिली। इसके अलावा लगभग सात एमएम की कई छोटी गांठें भी पेट की सतह से चिपकी हुई थीं। ऑपरेशन करने वाली टीम में शामिल सर्जन डॉ. महेंद्र ने बताया कि इस तरह के मामलों में ऑपरेशन बेहद जटिल होता है, क्योंकि गांठें आसपास के अंगों से जुड़ी रहती हैं।

### युवती ने पति पर लगाया चाकू मारने का आरोप, रिपोर्ट

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।** विकासनगर क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति पर चाकू मारने का आरोप लगाया है। आरोप है कि काम पर जाने के दौरान यह वारदात हुई है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। घटना नंदग्राम थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई। पीड़िता चंदा देवी ने बताया कि उसका पति भानू मध्यप्रदेश के सागर नाका थाना क्षेत्र सनोदा निवासी है। वर्तमान में नंदग्राम में रह रहा है।

## फीस भुगतान न करने पर द्वारका के नामी स्कूल ने 26 बच्चों के नाम काटे, अभिभावक कोर्ट जाने को तैयार

**» दिल्ली, यूटर्न/ 31 मार्च।**

दिल्ली में नए सत्र की शुरूआत से पहले फीस का मामला गरमाता जा रहा है। अब द्वारका के एक स्कूल की ओर से 26 बच्चों के नाम काटे जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में स्कूल की ओर से अभिभावकों को नोटिस भी भेजे गए हैं। अभिभावक स्कूल की इस मनमानी के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले बीते सप्ताह मयूर विहार स्थित सालवान स्कूल ने भी 40 बच्चों के नाम काट दिए थे। स्कूल की ओर से जारी पत्र के अनुसार फीस शैक्षणिक सत्र 2025-26 तक बकाया थी। अभिभावकों को कई बार भुगतान के लिए सूचित किया गया, लेकिन इसके बावजूद फीस जमा नहीं की गई। स्कूल ने पत्र में लिखा है कि



दिल्ली एजुकेशन एक्ट 1973 के नियम 35 के तहत यह कार्रवाई की गई है। स्कूल ने कहा है कि नियम के अनुसार यदि कोई छात्र निर्धारित समय में फीस का भुगतान नहीं करता है, तो स्कूल को उसका नाम रजिस्टर से हटाने का अधिकार है। पत्र में अभिभावकों से कहा गया है कि वे सात अप्रैल तक स्कूल के प्रशासनिक और लेखा विभाग से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर लें। एक अभिभावक ने बताया कि करीब 26 बच्चों के नाम काट दिए गए हैं और उन्हें नोटिस भेजा गया है।

अभिभावकों को भेजे गए पत्र में स्कूल ने कहा है कि स्कूल प्रशासन ने इस संबंध में अभिभावकों को 25 मार्च 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसका अभिभावकों ने जो जवाब दिया उसे असंतोषजनक पाया गया है। जबकि अभिभावकों का कहना है कि वह बकाया फीस का भुगतान कर चुके हैं।

### कई स्कूलों के अभिभावकों ने किया प्रदर्शन

कई स्कूलों के अभिभावकों ने सोमवार सुबह शिक्षा निदेशालय के बाहर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान अभिभावक हाथ में विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखी तख्तियां लिए हुए थे। प्रदर्शन के बाद अभिभावकों शिक्षा निदेशक से मुलाकात कर उन्हें फीस मामले को लेकर हो रही स्कूलों की मनमानी से परिचित कराया।


## निकाह के दौरान चाकू से हमला दूल्हे के चार भाई-बहन घायल

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के गरिमा गार्डन स्थित भल्ला फार्म हाउस बरातघर में 30 मार्च को शादी समारोह में दूल्हा-दुल्हन पक्ष में विवाद के बाद चाकू चल गए। हमले में दूल्हे की बहन साजिदा, भाई शहजाद, इसराइल और सोनू चाकू लगने से घायल हो गए। उनको इलाज के लिए लोनी स्थित 50 शैय्या अस्पताल भर्ती कराया गया है। वहीं, दूल्हे के भाई शहजाद ने टीलामोड़ थाने में तहरीर देकर चार-पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। बरात, बागपत के चांदनी नगर थानाक्षेत्र स्थित पानथी गांव से आई थी। दूल्हे के भाई शहजाद ने बताया कि निकाह पूरा होने के बाद दूल्हा-दुल्हन और परिवार वाले एक साथ खाना खा रहे थे। बरातघर के दूसरे हिस्से में लड़की के चचेरे-तहेरे भाई आपस में झगड़ा कर रहे थे। वहां पर उनका भाई इसराइल भी खड़ा था। उनमें एक युवक अचानक आया और उनके भाई के सिर में थाल मार दिया। शोर सुनकर वह अपने भाई इशाक, सोनू और बहन साजिदा के साथ बीच-बचाव करने पहुंचे। इसके बावजूद आरोपी नहीं रुके और गाली-गलौज करते रहे। आरोपियों का विरोध किया तो कुछ बरातघर के कर्मियों के साथ मिलकर उन सभी पर चाकू से कई वार किए। चाकू रोकते समय उनके हाथ में चोट आई। भाई इसराइल और सोनू के हाथ में भी चाकू लगे हैं। वहीं, उनकी बहन साजिदा के सिर में भारी वस्तु मारकर लहूलुहान कर दिया। झगड़े में बहन के गले से सोने की चेन भी टूट गई। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।



## मलाइका ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद उनके नाम हर्ष मेहता और सोराब बेदी जैसे लोगों के साथ जोड़े जाते रहे हैं। हाल ही में एक पार्टी में सोराब बेदी के साथ उनकी नजदीकियों को लेकर भी डेटिंग की अटकलें तेज हो गई थीं, हालांकि सोराब बेदी पहले ही साफ कर चुके हैं कि दोनों के बीच केवल दोस्ती है और इससे अधिक कुछ नहीं है। इन लगातार चल रही अफवाहों पर अब खुद मलाइका अरोड़ा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह की खबरें उन्हें काफी परेशान करती हैं, लेकिन अब वह इन्हें गंभीरता से लेने के बजाय हल्के में लेने लगी हैं। उन्होंने बताया कि वह और उनके बेटे अरहान खान इन अफवाहों पर हंसते हैं और इन्हें नजरअंदाज करते हैं। मलाइका की निजी जिंदगी पहले भी सुर्खियों में रही है। उनकी शादी अरबाज खान से करीब 19 साल तक चली थी, जिसके बाद दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद वह अर्जुन कपूर के साथ रिलेशनशिप में रहीं, जो कुछ समय बाद समाप्त हो गया।



## फिल्म निर्माण की इच्छा भी उनके भीतर हमेशा रही : बोमन ईरानी

बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकारों ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सिनेमा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। बॉलीवुड अभिनेता बोमन इरानी ने अपने करियर के शुरूआती दिनों को याद करते हुए बताया कि अभिनय के साथ-साथ फिल्म निर्माण की इच्छा भी उनके भीतर हमेशा रही है। उन्होंने कहा कि फिल्मों में काम करने के बाद उन्हें महसूस हुआ कि उन्हें अपनी खुद की फिल्म बनानी चाहिए। उनके पास एक कहानी और एक पन्ने की स्क्रिप्ट थी, लेकिन उसे पूरी फिल्म में बदलना आसान नहीं था। उन्होंने स्वीकार किया कि स्क्रीनप्ले लिखना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है और इसे पूरा करने के लिए उन्होंने कई सेशंस में हिस्सा लिया। बोमन ईरानी ने यह भी बताया कि कोविड काल के दौरान उन्होंने लेखकों के साथ लगातार बातचीत की और नए लेखकों को मार्गदर्शन दिया।



## इवेंट में कृति सेनन के बोल्ड अंदाज ने खींचा सबका ध्यान

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन पुनः अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री का अंदाज पिंकविला स्क्रीन एंड स्टाइल अवार्डस 2026 के रेड कार्पेट पर इस बार पहले से ज्यादा बोल्ड नजर आया। उनकी एंट्री ने साफ कर दिया कि अब वह फैशन के मामले में नए प्रयोग करने से बिल्कुल नहीं हिचकतीं। उनका पूरा लुक सादगी और ग्लैमर का शानदार मिश्रण था, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस खास मौके पर कृति ने मशहूर डिजाइनर नैंसी डोजाका की डिजाइन की हुई एमराल्ड ग्रीन गाउन पहनी थी, जो बेहद आकर्षक और यूनिक नजर आ रही थी। गाउन का सॉफ्ट और हल्का शाइनी फैब्रिक लाइट में खूबसूरत चमक दे रहा था, जिससे उनका लुक और भी रिच लग रहा था। गहरे हरे रंग की वजह से यह आउटफिट रेड कार्पेट पर तुरंत अलग दिखाई दिया और उनकी पर्सनैलिटी को और निखार गया। डिजाइन में मॉडर्न और एलिगेंस का बेहतरीन संतुलन देखने को मिला। इस गाउन की खासियत इसके डिटेलिंग में छिपी थी। पतली स्ट्रैप्स और बीच में दिया गया स्टाइलिश कट-आउट इसे हल्का बोल्ड टच देता है, जबकि इसकी फिटिंग और फ्लोइंग स्टाइल इसे क्लासी बनाए रखते हैं। कमर पर फिट और नीचे की ओर फ्लो करता डिजाइन उनके फिगर को बेहद खूबसूरती से हाइलाइट कर रहा था। यह लुक इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे एक आउटफिट में बोल्डनेस और एलिगेंस दोनों को साथ रखा जा सकता है। स्टाइलिंग की बात करें तो कृति ने अपने लुक को ज्यादा ओवरडन नहीं किया। हल्के नेकलेस और स्टाइलिश रिंग्स के साथ उन्होंने ज्वेलरी को मिनिमल रखा, जिससे गाउन ही मुख्य आकर्षण बना रहा। सॉफ्ट वेव्स हेयरस्टाइल और नैचुरल ग्लो मेकअप ने उनके पूरे लुक को फ्रेश और एलिगेंट टच दिया।

## जैकी श्राफ ने 'एक और एक ग्यारह' की यादें की ताजा



बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्राफ ने फिल्म से जुड़ी यादों को एक बार फिर ताजा किया। लोकप्रिय एक्शन-कॉमेडी फिल्म एक और एक ग्यारह ने रिलीज के 23 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर जैकी दादा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें फिल्म के कई पुराने और यादगार दृश्य शामिल थे। इसके साथ उन्होंने लिखा कि इस फिल्म को 23 साल पूरे हो गए हैं। डेविड धवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त और गोविंदा की जोड़ी ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री और कॉमिक टाइमिंग को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म में जैकी श्रॉफ ने मेजर राम सिंह का किरदार निभाया था, जो भले ही सहायक भूमिका थी, लेकिन काफी प्रभावशाली साबित हुई। इसके अलावा अम्रता अरोरा, नंदिनी सिंह, गुलशन ग्रोवर और राजपाल यादव भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म को मुक्ता आर्टस लिमिटेड के बैनर तले रिलीज किया गया था और इसकी कहानी दो ठगों तारा और सितारा के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें गोविंदा और संजय दत्त ने निभाया था। कहानी में दोनों किरदार गलती से एक खतरनाक अपराधी कोबरा, जिसका रोल आशीष विदयार्थी ने निभाया था, को पुलिस के हवाले कर देते हैं।

## भाग्यश्री ने बताया रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाने का सबसे आसान तरीका

अभिनेत्री भाग्यश्री अपनी फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल को लेकर सक्रिय रहती हैं। वे अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस टिप्स शेयर करके लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करती रहती हैं। मंगलवार को उन्होंने रीढ़ की हड्डी के लिए एक आरामदायक एक्सरसाइज के बारे में बताया। भाग्यश्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वे जिम में नजर आ रही हैं और सभी को समझाते हुए कहती हैं, 'दबी हुई डिस्क पीठ की बहुत बड़ी समस्या बन जाती है। इससे पीठ में तेज दर्द, अकड़न और चलने-फिरने में तकलीफ होती है।'

उन्होंने जिम में लटकने वाली एक्सरसाइज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इसे करते हुए बताया कि यह एक सरल स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज है, जो रीढ़ की हड्डी के लिए ट्रैक्शन, यानी खिंचाव का काम करती है। अभिनेत्री ने कहा, 'यह एक्सरसाइज रीढ़ को धीरे-धीरे स्ट्रेच करती है। इससे डिस्क के बीच ज्यादा जगह बन जाती है और उन पर से दबाव कम हो जाता है। इस आसान स्ट्रेच को 30 सेकंड से लेकर 1 मिनट तक करके देखिए। धीरे-धीरे महसूस कीजिए कि आपकी पीठ को कितना आराम मिल रहा है।' उन्होंने आगे सलाह दी कि जब आप इस एक्सरसाइज को अच्छे से करने लगें तो अपनी पीठ को और मजबूत बनाने के लिए थोड़ी साइकिलिंग भी शुरू कर दें।





## वैभव सभी मैचों में उतरेंगे : रियान

**गुवाहाटी, यूटर्न/ 31 मार्च।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कहा है कि उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इस सत्र में अपनी सभी 14 मैच खेलेंगे। 15 साल के वैभव ने पहले ही मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 300 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक लगाकर राजस्थान रॉयल्स की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इससे उत्साहित रॉयल्स के कप्तान रियान ने कहा है हालात कैसे भी हों वैभव हर मैच खेलेंगे। सीएसके के खिलाफ मैच के बाद कप्तान रियान से जब वैभव के बारे में पूछा गया कि आप उन्हें क्या कहेंगे ? इसके जवाब में पराग ने कहा, मैं उसे यही कहूंगा कि तुम 14 गेम खेलने वाले हो और गेम में चाहे कुछ भी हो, तुम्हें इसी प्रकर निडर होकर खेलना है। मीडिया में क्या चल रहा है इससे परेशान होने की जगह केवल बल्लेबाजी पर ही ध्यान दो। मैंने कोच को बता दिया है कि उसे जितनी बल्लेबाजी करनी है करने दें। साथ कही कहा कि मैं और ध्रुव उसकी बल्लेबाजी देखकर हैरान हुए थे। हमें पता नहीं चल पा रहा था कि वह कैसे क्या कर रहा है हालांकि उसे अपनी टीम में पाकर बहुत खुश हूं। वैभव ने सीएसके के खिलाफ 15 गेंदों में अर्धशतक लगाया था और 17वीं गेंद पर वे आउट हो गए थे। इस बल्लेबाज ने 4 चौके और 5 छक्के लगाकर 52 रन बनाकर राजस्थान की जीत तय कर दी। वैभव ने 305.88 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये।



## फॉमूर्ला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ले सकते हैं संन्यास

**टोक्यो, यूटर्न/ 31 मार्च।** जापान ग्रां प्री में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने से निराश फॉमूर्ला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ने कहा है कि वह अब अपने भविष्य को लेकर विचार कर रहे हैं। वर्स्टापेन के अनुसार सारी जिंदगी आप रेस नहीं कर सकते और जीवन में आगे भी काफी कुछ है। इससे माना जा रहा है कि वह आने वाले दिनों में संन्यास का फैसला कर सकते हैं। इस सत्र के नियमों से भी वह परेशान नजर आये। चार बार के विश्व चैंपियन वर्स्टापेन ने भी मान है कि जापान ग्रां प्री में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। सुजुका सर्किट पर 11वें स्थान से शुरूआत करने के बाद वह आठवें स्थान तक ही पहुंच सके। इस सत्र में नियमों और इंजन के ढांचे को लेकर भी वह नाराज दिखे। रेस के दौरान एक ऐसा पल भी देखने को मिला जब उनकी गाड़ी की बैटरी तकरीबन समाप्त हो गई थी और इसी कारण वह पिछड़ गये। वहीं क्वालिफाइंग के बाद वर्स्टापेन ने कहा था कि उन्हें अपने भविष्य को लेकर कई चीजों पर विचार करना है। जब उनसे इस बारे में दोबारा पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि वह फॉमूर्ला वन में अपने आगे के रास्ते को लेकर विचार कर रहे हैं। बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री रद्द कर दिए जाने से भी खिलाड़ियों को लंबा ब्रेक मिला है। वर्स्टापेन का कहना है कि वह इसी दौरान आने वाले समय में अपने भविष्य पर फैसला ले सकते हैं उन्होंने यह भी कहा कि जिंदगी केवल फॉमूर्ला वन तक सीमित नहीं है और आगे कई रास्ते हैं। उनके इस बयान से साफ है कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो वह संन्यास भी ले सकते हैं।

## फटाफट खबरें

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत, 49 घायल

**इस्लामाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी वर्षा के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी है, जिनमें 10 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये हादसे बन्नू, उत्तरी वजीरिस्तान और कोहाट जिलों में हुईं, जहां भीषण वर्षा के कारण छतों के गिरने और कई घरों को आंशिक क्षति पहुंचने की खबरें हैं। वर्षाजनित हादसों में 49 लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार तक प्रांत के कई जिलों में रुक-रुक कर वर्षा होने का अनुमान जताया है।

### यरूशलम में दस धमाकों की आवाज सुनी गयी : रिपोर्ट

**यरूशलम, यूटर्न/ 31 मार्च।** इजरायल की राजधानी यरूशलम में कम से कम 10 धमाकों की गूंज सुनी गई है। एजेंसी फ्रांस-प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने इससे पहले कहा था कि उसने ईरान से दागी गयी मिसाइल का पता लगाया है और हवाई सुरक्षा प्रणालियाँ उन्हें रोक रही हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और देश के कई हिस्सों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ।

# सिंध में माछी समुदाय पर पाकिस्तानी पुलिस की बर्बरता से भारी आक्रोश

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 31 मार्च।**



पाकिस्तानी पुलिसकर्मियों की ज्यादती से देश में चिंता व्याप्त हो गई है। हाल ही पुलिस सिंध प्रांत में गरीब माछी समुदाय को मारती पीटती दिखी। सोशल मीडिया पर इसका फुटेज अपलोड होते ही बड़ी संख्या लोग नाराज हो गए।

मंगलवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, फुटेज में दिखाया गया है कि सिंध के उमरकोट इलाके में गरीब माछी समुदाय की झुग्गियों पर पुरुष और महिला पुलिस अधिकारियों ने धावा बोल दिया। वे 'बेकसूर, बेसहारा, रोजादार महिलाओं और छोटी बच्चियों को घसीट रहे थे, उनके कपड़े फाड़ रहे थे, और उन्हें पुलिस वैन में ठूंस रहे थे।' पाकिस्तानी दैनिक 'बिजनेस रिकॉर्डर' की एक रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है, 'ये तस्वीरें रूह कंपा देने वाली हैं। एक पल के लिए, कोई यह मान सकता है कि हत्या या आतंकवाद में शामिल खूंखार अपराधियों को पकड़ने के लिए कोई बड़ा ऑपरेशन चल रहा था। लेकिन नहीं, ये तो आम महिलाएं, छोटी बच्चियां और बच्चे थे। उनके परिवारों के पुरुष सदस्य या तो पहले से ही हिरासत में थे या फिर अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए बाहर गए हुए थे।'

इसमें आगे कहा गया है कि यह ऑपरेशन एक निचली अदालत के आदेश पर किया गया। इसमें 10,000 वर्ग फुट के एक प्लॉट को खाली कराने को कहा गया था; इस प्लॉट पर माछी समुदाय लंबे समय से रह रहा था।

हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस तरीके से पुलिस ने–जिसका काम लोगों की जान, इज्जत और संपत्ति की हिफाजत करना है–इस आदेश को लागू किया, वह बेहद चिंताजनक था।

इसमें कहा गया है, 'भले ही बेदखली जरूरी थी, लेकिन क्या इतनी जबरदस्ती करना जरूरी था–खासकर रमजान के पवित्र महीने में? क्या हिंसा का सहारा लेने से पहले शांतिपूर्ण तरीके से बातचीत, समझाना-बुझाना और कानूनी संयम जैसे सभी तरीके आजमा लिए गए थे? इसका जवाब, जो वायरल वीडियो में साफ-साफ दिखाई दे रहा है, वो 'नहीं' लगता है।'

इसमें आगे सवाल उठाया गया है, 'निचली अदालत का फैसला न तो अंतिम था और न ही उसे चुनौती दी जा सकती थी। इसके खिलाफ जिला और सत्र न्यायालय में, फिर उच्च न्यायालय में, और आखिर में सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जा सकती थी। यह कानूनी प्रक्रिया सबको अच्छी तरह पता है। फिर जब कानूनी विकल्प मौजूद थे, तो इतनी अजीब जल्दबाजी और आक्रामकता क्यों दिखाई गई? इतनी तेजी सिर्फ तभी क्यों दिखाई गई, जब वहां रहने वाले लोग गरीब और कमजोर थे?'

रिपोर्ट के अनुसार, सिंध पुलिस ने रसूखदार लोगों और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्तियों का पक्ष लेने के लिए बदनामी कमाई है; कानून का पहिया अक्सर ताकतवर लोगों के लिए तेजी से घूमता है।

इस घटना की निंदा करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है, 'यह कोई छोटी या टाली जा सकने वाली घटना नहीं है। यह हम सबके लिए शर्म की बात है। गरीबी और कमजोरी कोई अपराध नहीं हैं। देश का कानून बिना किसी भेदभाव के, सभी के लिए समान और पवित्र है। फिर भी बार-बार ऐसा होता है कि आम लोगों को इसके परिणाम भुगतने पड़ते हैं, जबकि रसूखदार लोग अपने प्रभाव और पद का इस्तेमाल करके न्याय से बच निकलते हैं।'

## दुबई में कुवैती तेल टैंकर को उड़ाया, समुद्र में भारी मात्रा में तेल रिसाव से बढ़ा संकट

» **दुबई, यूटर्न/ 31 मार्च।**

संयुक्त अरब अमीरात के दुबई बंदरगाह से एक बेहद चिंताजनक खबर सामने आई है, जिसने खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आज मंगलवार को कुवैत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने आधिकारिक पुष्टि की कि उनके एक विशाल कच्चे तेल के टैंकर, अल साल्मी, पर सीधा हमला किया गया है। कुवैत ने इस हमले के लिए सीधे तौर पर ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। जिस समय यह हमला हुआ, टैंकर पूरी तरह से कच्चे तेल से भरा हुआ था और बंदरगाह पर खड़ा था। हमले के तुरंत बाद जहाज में भीषण आग लग गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रशासन को अब इस बात का डर सता रहा है कि यदि टैंकर से भारी मात्रा में तेल का रिसाव होता है, तो यह समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र और पर्यावरण के लिए एक बड़ी आपदा साबित हो सकता है। इस हमले के बाद पूरे क्षेत्र में युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं और तनाव चरम पर पहुंच गया है। एक तरफ जहां दुबई में जहाज को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कुवैत की सेना ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। कुवैती सैन्य अधिकारियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से जानकारी दी कि उनके एयर डिफेंस सिस्टम ने देश की सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे दुश्मन के कई मिसाइलों और ड्रोनों को हवा में ही मार गिराया है।

# अप्रैल-फूल मनाया, आपको गुस्सा आया तो आया करें, अब हम क्या करें




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *